UPSI180017852025

# न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद-सीतापुर।

**दीवानी वाद सं०-195/2025**

**राजकुमार आदि बनाम रमदेई आदि।**

| | |
|---|---|
| **वाद की प्रकृति** | **विभाजन** |
| **वाद का मूल्यांकन** | **4000/-रुपये** |
| **अधिवक्ता का नाम** | **श्री छोटेलाल वर्मा** |
| **वाद प्रस्तुत किये जाने की तिथि** | **26.05.2025** |

---------------------------------------------

यह वाद-पत्र वादीगण द्वारा वास्ते विभाजन उनके विद्वान अधिवक्ता श्री छोटेलाल वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्यानुसार वाद न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है, तद्नुसार न्यायशुल्क अदा है। अतः वाद मूलवाद के रूप में दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-28.07.2025 को पेश हो।

( रोहित पुरी )<br>
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,<br>
सीतापुर।<br>
**J.O.Code-UP3474**

**<u>निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2</u>**

वादीगण द्वारा प्रार्थना-पत्र 6ग2 मय शपथ पत्र 7ग2 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत कर वाद-पत्र के साथ संलग्न नक्शा-नजरी में अक्षर अ,ब,स,द, से प्रदर्शित भूमि जिसकी चौहद्दी पूरब-खाद गढडे राजकुमार आदि, पश्चिम-रास्ता 10फीट, उत्तर-रास्ता 10फीट, दक्षिण-स्कूल रमेश अंश गाटा संख्या-320, स्थित ग्राम मदनापुर, मजरा गोडैचा, परगना सदरपुर, जिला सीतापुर पर कब्जा करने व निहित अंश से अधिक भू-भाग चुनने व भौगोलिक स्वरूप बदलने व वादीगण के शान्तिपूर्ण स्वामित्व व कब्जा में किसी तरह से हस्तक्षेप करने से प्रतिवादीगण को मना किये जाने की याचना की गयी है।

वादीगण की ओर से अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी सूची-8ग1 से एक किता उद्धरण खतौनी खाता संख्या-335 गाटा संख्या-320 स्थित ग्राम गोडैचा, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर कागज संख्या-9ग1 एवं पृथक से दो किता वादीगण के आधार कार्ड की छायप्रतियाँ कागज संख्या-10ग1लगायत 10ग1/2 दाखिल पत्रावली की गयी है।

**कार्यालय की आख्यानुसार प्रस्तुत मामले में कैबिएट दाखिल नहीं है।**

अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना प्रतिवादीगण को सुने प्रार्थना-पत्र 6ग2 पर कोई भी आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। प्रतिवादीगण को नोटिस दिनाँक-28.07.2025 हेतु जारी हो। वादीगण आवश्यक पैरवी करें। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-28.07.2025 को पेश हो।

**दिनांकः26.05.2025**

( रोहित पुरी )<br>
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,<br>
सीतापुर।<br>
**J.O.Code-UP3474**

(विजय मौर्य)<br>
स्टेनो/

Digitally signed by ROHIT PURI
Date: 2025.05.26 17:30:36 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge(J.D.)/J.M. Mahmoodabad, Sitapur.